हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार 8 जुलाई 2026

11 ड्रेन का पानी नहरों में डालना सेहत से खिलवाड़: किसान सभा



12 गुलाबी सुंडी से बचाव के लिए नियमित रूप से करें निगरानी



## खबर संक्षेप

### जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव 9 को

**फतेहाबाद।** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 9 जुलाई को कार्यालय परिसर में एक प्लेसमेंट ड्राइव (रोजगार मेला) का आयोजन किया जाएगा। इसमें एसआईएस कंपनी द्वारा सिक्योरिटी गार्ड की भर्ती हेतू साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि इस प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लेने हेतू प्रार्थी की योग्यता कम से कम 10वीं पास होनी अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त प्रार्थी की आयु 19 वर्ष से 40 वर्ष, वजन 56 किलोग्राम से 95 किलोग्राम तथा लंबाई 168 सेंटीमीटर होनी चाहिए। एसआईएस कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड की ड्यूटी 8 घंटे की रहेगी तथा शुरूआती वेतनमान 18000 से 20000 रुपये प्रति माह रहेगा।

### मेरा युवा भारत पंजीकरण अभियान 15 अगस्त तक

**फतेहाबाद।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार मेरा युवा भारत फतेहाबाद ने 1 जुलाई से 15 अगस्त तक देशभर में सघन पंजीकरण और जन-जागरूकता अभियान शुरू किया है। इस अभियान का लक्ष्य राष्ट्रीय स्तर पर 5 करोड़ युवाओं का पंजीकरण कराना है। इसके लिए युवाओं से बढ़-चढक़र भागीदारी की अपील की गई है। जिला युवा अधिकारी रीना केसरिया ने बताया कि अभियान के तहत जिले के महाविद्यालयों, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, विद्यालयों, राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों, अन्य शिक्षण और सामाजिक संस्थाओं में विशेष पंजीकरण शिविर लगेंगे।

### बाइक चोरी के मामले में दो आरोप गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** मोटरसाइकिल चोरी के मामले का खुलासा करते हुए थाना शहर टोहाना पुलिस ने दो युवकों को काबू किया है। पकड़े गए युवकों की पहचान टोहाना के गांव ललौदा निवासी जसपाल एवं रॉबिन के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल भी बरामद की है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि जिला कैथल के गांव दिवाल निवासी गुरमीत सिंह ने शिकायत दी थी कि वह 14 अप्रैल को कंपनी के कार्य से टोहाना आया था। उसने टोहाना-चंडीगढ़ रोड स्थित हर्बल पार्क के समीप अपनी मोटरसाइकिल खड़ी की थी।

### छात्रवृत्ति के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदन

**सिरसा।** जाट धर्मशाला सभा की तरफ से जाट समाज के मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करने का फैसला लिया गया है। इस सिलसिले में जाट धर्मशाला सभा के प्रधान मोहनलाल झोरड़ ने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने इस बार 10वीं व 12वीं कक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं वे छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर किसी क्षेत्र में समाज व प्रदेश का नाम रोशन किया है उनको भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है।

### मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक अच्छी बारिश की संभावना जताई

# मानसून की बेरुखी: धान की रोपाई थमी कम बारिश से बाजरे का रकबा भी घटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिले में मानसून की सुस्ती अब खेतों में साफ नजर आने लगी है। जुलाई का पहला सप्ताह समाप्त होने के बावजूद सामान्य से कम बारिश होने के कारण खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित हो रही है। धान की रोपाई अभी तक रफ्तार नहीं पकड़ सकी है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि तक अधिकांश क्षेत्रों में रोपाई का कार्य लगभग शुरू हो चुका था। पर्याप्त वर्षा नहीं होने और नहरी पानी की आपूर्ति में देरी से किसानों की चिंता बढ़ गई है।

**भट्टू, फतेहाबाद और रतिया के कई हिस्सों में भी सामान्य से काफी कम हुई बारिश**

वहीं, कम बारिश का असर बाजरे की बुवाई के रकबे पर भी दिखाई दे रहा है। हालांकि मौसम विभाग ने बुधवार से मानसून के दोबारा सक्रिय होने और अगले तीन दिनों तक अच्छी बारिश की संभावना जताई है, जिससे किसानों को राहत मिलने की उम्मीद है। कृषि विशेषज्ञ डॉ. राजपाल ने बताया कि जिले में इस बार बारिश का वितरण असमान रहा है। सबसे कम वर्षा बाद क्षेत्र में दर्ज की गई है, जबकि भट्टू, फतेहाबाद और रतिया के कई हिस्सों में भी सामान्य से काफी कम बारिश हुई है। पर्याप्त नमी नहीं मिलने के कारण किसान धान की रोपाई शुरू नहीं कर पा रहे हैं। खेतों में पानी की कमी के चलते कई किसानों ने बुवाई का कार्यक्रम भी टाल दिया है। किसान धर्मपाल ने बताया कि पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण बाजरे की बुवाई का रकबा घटा है। जिले के अधिकांश क्षेत्रों में अभी तक संतोषजनक वर्षा नहीं हुई है। ऐसे में कई किसान बुवाई शुरू करने का इंतजार कर रहे हैं। उनका कहना है कि यदि अगले कुछ दिनों में अच्छी बारिश होती है तो खेती की स्थिति में काफी सुधार आ सकता है। किसान राजेश ने कहा कि इस समय किसानों की पूरी उम्मीद आने वाले तीन दिनों के मौसम पर टिकी हुई है। पिछले वर्ष एक और दो जुलाई को टोहाना, भूना और जाखल क्षेत्र में 60 मिलीमीटर से अधिक बारिश दर्ज की गई थी, जिससे धान की रोपाई तेजी से शुरू हो गई थी।



**फतेहाबाद।** बारिश की बेरुखी से सूखने के कगार पर धान की फसल।

#### अलग खबर

#### अभी आधी भी नहीं हुई धान की बिजाई

फतेहाबाद में करीब 4 लाख एकड़ में धान की रोपाई होती है। अब बारिश की कमी के चलते 50 फीसदी भी धान की रोपाई नहीं हो पाई है। इस समय तक फतेहाबाद में एक लाख 50 लाख एकड़ में ही धान की रोपाई हुई है। इसके अलावा 9 हजार एकड़ में बाजरा और 13 हजार एकड़ में ग्वार की बिजाई की गई है। 85 हजार एकड़ में कपास की बिजाई की गई है। मुख्य रूप से फतेहाबाद धान बैल्ट के नाम से विख्यात है। अब प्री मानसून व जुलाई के प्रथम सप्ताह मानसून की बेरूखी से धान की रोपाई प्रभावित हो रही है।

#### सिरसा : भीषण गर्मी से लोग परेशान

**ओढां।** भीषण गर्मी और उमस ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। इसके साथ ही बिजली की अघोषित कटौती ने आमजन की परेशानी को दोगुना बढ़ा दिया है। सुबह से लेकर देर रात तक उमस के कारण लोग पसीने से तरबतर रहते हैं, जबकि बार-बार बिजली गुल होने से पंखा, कूलर और एसी बंद हो जाते हैं। यह स्थिति में छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में हालात चिंताजनक बने हुए हैं। बिजली आपूर्ति बाधित होने से घरों के अलावा दुकानदारों, व्यापारियों और किसानों का काम भी प्रभावित हो रहा है। ग्रामीण बीरबल दास, बलदेव सिंह, रोशन लाल, बहादुर सिंह, लाल चंद आदि का कहना है कि बिना किसी पूर्व सूचना के घंटों बिजली कटी जा रही है, जिससे दैनिक जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। भीषण गर्मी का असर केवल इंसानों तक ही सीमित नहीं है। पशु-पक्षी भी इस मौसम की मार झेल रहे हैं। तालाब और जल स्रोत सूखने से पक्षियों को पानी नहीं मिल पा रहा है, जबकि आवारा पशु भी छांव और पानी की तलाश में इधर-उधर भटकते दिखाई दे रहे हैं।

#### आज से फिर सक्रिय होगा मानसून

मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ. मदन लाल खीचड़ ने बताया कि बुधवार से मानसून दोबारा सक्रिय होने की संभावना है। इसके प्रभाव से जिले में अगले तीन दिनों तक अच्छी बारिश होने के आसार हैं। यदि पूर्वानुमान के अनुसार वर्षा होती है तो धान की रोपाई और अन्य खरीफ फसलों की बुवाई को गति मिलेगी। इसके अलावा लगातार बनी उमस और गर्मी से भी लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने किसानों को मौसम की ताजा जानकारी पर नजर रखने और बारिश के अनुसार कृषि कार्यों की योजना बनाने की सलाह दी है।

## पूर्व सरपंच के हत्यारोपी कड़ी सुरक्षा के बीच कोर्ट में पेश

- दो सगे भाइयों समेत तीनों आरोपियों को किया था गिरफ्तार, रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिले के गांव खाराखेड़ी में पूर्व सरपंच राजेंद्र खिलेरी हत्याकांड में गिरफ्तार किए गए दो सगे भाइयों समेत तीनों आरोपियों को मंगलवार दोपहर बाद कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस कड़ी सुरक्षा के बीच आरोपियों को लेकर कोर्ट परिसर पहुंची। गिरफ्तार आरोपियों में विनोद गोदारा, उसका सगा भाई विक्रम गोदारा और चचेरा भाई जिले सिंह उर्फ सेठी शामिल हैं। अदालत ने आरोपियों को 4 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड के दौरान पुलिस हथियारों की बरामदगी व अन्य आरोपियों को लेकर पूछताछ करेगी। बताया जा रहा है कि इन तीनों आरोपियों ने पुलिस के सामने हिसार जिले के लांधड़ी टोल के पास सरेंडर किया था। बता दें कि, पूर्व सरपंच राजेंद्र खिलेरी की 4 जुलाई शनिवार शाम को रंगला पंजाब ढाबे पर गोली मारकर हत्या की गई थी। बाइक पर आए हमलावरों ने ताबड़तोड़ गोलियां चलाई और फिर गाड़ी में बैठकर फरार हो गए। राजेंद्र को एक गोली लगी और करीब 40 छर्रे लगे। बाद में पुलिस ने राजेंद्र के भतीजे सौरव के बयान पर गांव खाराखेड़ी निवासी पांच लोगों पर हत्या के आरोप में केस दर्ज किया था।

#### ये है मामला

सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में राजेंद्र के भतीजे सौरव ने बताया था कि शनिवार शाम वह अपने ताऊ राजेंद्र खिलेरी के साथ ढाबे पर चाय पी रहा था। ताऊ राजेंद्र कुर्सी पर बैठे थे, जबकि वह चारपाई पर था। इसी दौरान दो बाइक पर सवार होकर जिले सिंह उर्फ सेठी, विनोद गोदारा, विक्रम गोदारा और हरीश समेत अन्य लोग पहुंचे। सभी के हाथों में पिस्तौल थी। आरोपियों ने पास आते ही ललकारते हुए कहा, तुमको दुश्मनी का मजा चखाते हैं और पूर्व सरपंच पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली राजेंद्र खिलेरी के गले में लगी जबकि सीने और सिर में 40 छर्रे लगे। इससे वह कुर्सी से नीचे गिर पड़े। हमलावर बाइक छोड़कर भाग गए। मामले में गांव खाराखेड़ी के निलंबित सरपंच संजय कुमार पर भी केस दर्ज हुआ है।

### सुनीता सुखीजा को सौंपा अतिरिक्त कार्यभार

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग की प्रो. सुनीता सुखीजा को एलुमनाई एसोसिएशन के निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार द्वारा अधिसूचना जारी की गई है। प्रो. सुनीता सुखीजा वाणिज्य एवं प्रबंधन शिक्षा के क्षेत्र में दो दशकों से अधिक का समृद्ध अनुभव रखती हैं। उन्होंने एमबीए, एमकॉम, एमफिल तथा पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। वाणिज्य एवं प्रबंधन विषय में यूजीसी-नेट उत्तीर्ण प्रो. सुखीजा वित्त एवं विपणन की विशेषज्ञ हैं। उनके नाम वाणिज्य एवं प्रबंधन विषय पर आठ पुस्तकों का प्रकाशन, 100 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय शोध पत्र तथा 100 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों एवं सम्मेलनों में सहभागिता दर्ज है।

## जोहड़ की भूमि पर फिर चलेगा पीला पंजा

- मोहलत के बाद भी नहीं हटे पक्के निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

ग्राम पंचायत फूलां के ऐतिहासिक जोहड़ पर हुए अवैध कब्जों को हटाने के लिए प्रशासन ने एक बार फिर कमर कस ली है। इस संबंध में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी रतिया ने एसडीएम फतेहाबाद को पत्र लिखकर दोबारा ड्यूटी मजिस्ट्रेट की नियुक्ति और पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है ताकि रुकी हुई बेदखली की कार्रवाई को पूरा किया जा सके। इससे पहले प्रशासनिक आदेशों पर पंचायत राज विभाग के उपमंडल अभियंता कुलदीप सिंह को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था। उनकी देखरेख में 2 जून 2026 को सरपंच, ग्राम सचिव, पटवारी, कानूनगो और पुलिस टीम की मौजूदगी में जोहड़ की भूमि से अवैध कब्जे हटाने का अभियान शुरू किया गया था। उस दौरान कुछ कब्जाधारियों ने अपने पक्के निर्माण खुद हटाने के लिए प्रशासन से कुछ समय की मोहलत मांगी थी। प्रशासनिक अधिकारियों ने मानवीय आधार पर उन्हें समय दे दिया था, लेकिन निर्धारित अवधि बीत जाने के बाद भी कब्जाधारियों ने अतिक्रमण नहीं हटाया।

#### गांव के निवासियों ने गहरा रोष

लंबे समय से जोहड़ की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा रहने के कारण फूलां गांव के निवासियों में गहरा रोष है। ग्रामीणों का कहना है कि सार्वजनिक भूमि को इस तरह निजी स्वार्थ के लिए दबाया नहीं जा सकता। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने इस बार भी ढील बरती, तो वे इस पूरे मामले को लेकर जल्द ही प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात करेंगे। इसी जन आक्रोश और स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए बीडीपीओ रतिया ने एसडीएम को पत्र भेजकर मुस्तैद पुलिस बल की मांग की है, ताकि बिना किसी गतिरोध के इस बार कार्रवाई को अंतिम रूप दिया जा सके।

## 6 लाख का वॉलीबाल ग्राउंड अधूरा, जांच की मांग

- पंचायत समिति सदस्य ने डीसी को सौंपी लिखित शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओढां

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पन्नीवाला मोट्टा में लगभग 6 लाख रुपये की लागत से वॉलीबाल ग्राउंड के निर्माण हेतु दो वर्ष पूर्व राशि स्वीकृत हुई थी। लेकिन संबंधित वन विभाग से आवश्यक अनुमति लिए बिना निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। यह आरोप पंचायत समिति पन्नीवाला मोटा की सदस्य रेखा रानी ने लगाते हुए उपायुक्त सिरसा को लिखित में दिए। रेखा रानी ने बताया कि निर्माण के दौरान बीच में पेड़-पौधे होने के कारण कार्य रोक दिया गया और आज तक ग्राउंड अधूरा पड़ा है। इसके अलावा एक अन्य शिकायत में कहा कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पन्नीवाला मोटा के ओपन जिम को पुनः स्थापित करके आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए। रेखा रानी ने बताया कि विद्यालय के खेल मैदान में लगभग दो वर्ष पूर्व एक ओपन जिम स्थापित किया गया था। कुछ समय पहले गांव के ही नर्सरी कोच द्वारा जिम को मरम्मत कराने के नाम पर वहां से हटाया गया।



**सिरसा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पन्नीवाला मोटा में वॉलीबॉल के ग्राउंड में खड़े वृक्ष। *फोटो: हरिभूमि*

#### यह बोले प्राचार्य

इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य मंजीत कुमार ने कहा कि विद्यालय में जो खेल का ग्राउंड निर्माणाधीन है उसका मामला वन विभाग को भेजा हुआ है तथा इस पर माननीय उच्च न्यायालय द्वारा अस्थाई रोक लगाई हुई है। जैसे ही उक्त मामले पर कोई निर्णय आता है कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। जहां तक खेल के जिम के सामान की बात है उसको लगाने की किसी प्रकार की सूचना विद्यालय प्रशासन के पास नहीं है।

## विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट के बारे में दी जानकारी



**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा न्यू श्रीराम सतलुज स्कूल में पॉक्सो एक्ट विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संतोष बागोतिया ने शिविर को संबोधित करते हुए विद्यार्थियों को पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों, बच्चों के अधिकारों तथा कानून के उद्देश्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों को इस कानून का सही उद्देश्य समझने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में भी जानकारी दी गई, ताकि आवश्यकता पडने पर वे निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकें।

## आशा वर्करों ने मांगों को लेकर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

आशा वर्कर्स यूनियन ने मंगलवार को जिला नागरिक अस्पताल में अपनी लंबित मांगों को लेकर धरना दिया। धरना-प्रदर्शन में जिलेभर की आशा वर्करों ने भाग लिया और मांगों को लेकर सिविल सर्जन सिरसा को ज्ञापन सौंपा। यूनियन की जिला प्रधान दर्शना, शिमला, मीनाक्षी, ऊषा, रेखा ने संयुक्त रूप से बताया कि अपनी लंबित मांगों को लेकर आशा वर्कर्स लंबे समय से संघर्ष कर रही हैं, लेकिन सरकार की ओर से गौर नहीं किया जा रहा है, जिससे आशा वर्कर्स में भारी रोष हैं। मांगों को पूरा करवाने के लिए उन्हें मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। वर्करों की मांग है कि केंद्र सरकार द्वारा 2025 में आशा वर्कर्स की 1500 रुपए घोषणा को तुरंत लागू किया जाए। एनएचएम को एक स्थायी स्वास्थ्य कार्यक्रम बनाकर आशा कार्यकर्ताओं और सुविधा प्रदाताओं को 45वें और 46वें भारतीय श्रम सम्मेलन की सिफारिशों को लागू करते हुए आशाओं को वर्कर का दर्जा दिया जाए। देश में एक समान कार्य परिस्थितियां सुनिश्चित की जाए सहित अन्य मांगे शामिल है।



**सिरसा।** मांगों को लेकर नागरिक अस्पताल में धरना देती आशा वर्कर।

## नशीली प्रतिबंधित गोलियों सहित आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

पुलिस ने एक युवक को हजारों नशीली गोलियों सहित सिरसा शहर क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान साहिल निवासी सिरसा के रूप में हुई है। बस अड्डा चौकी प्रभारी ने बताया कि एक युवक बस अड्डा की तरफ आ रहा था जो कि पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उसे दबोच लिया। तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से नौ हजार नशीली प्रतिबंधित गोलियां बरामद हुई। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह नशीली गोलियों को ओढ़ा क्षेत्र में सप्लाई करने जा रहा था। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस खेप के पीछे कौन-कौन लोग जुड़े हैं और गोलियां कहां से लाई गई थीं। उन्होंने बताया कि बरामद की गई गोलियों को ड्रग विभाग के हवाले कर दिया गया है।



**सिरसा।** पकड़े गए अफीम तस्कर।

## 7 साल के बच्चे ने लौटाया 40 हजार का सोने का झुमका



**भूना।** गणेश कॉलोनी के शहीद सुखदेव सिंह पार्क में खेलते समय सात वर्षीय बच्चे ने ईमानदारी की ऐसी मिसाल पेश की, जिसकी पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है। पार्क में मिला करीब 40 हजार रुपए से अधिक कीमत का सोने का झुमका उसने अपने परिवार के माध्यम से उसके असली मालिक तक पहुंचा दिया। गणेश कॉलोनी निवासी एवं 99 भाटिया संचालक के घर सिरसा जिले के मलेकां गांव की रूपेंद्र कौर अपने रिश्तेदारों के यहां करीब 15 दिन पहले आई हुई थीं। इस दौरान वह बच्चों के साथ शहीद भगत सिंह पार्क में झूले का आनंद ले रही थीं। तभी उनका सोने का एक झुमका कहीं गिर गया। परिजनों ने पार्क और आसपास काफी तलाश की, लेकिन झुमका नहीं मिला। पिछले कई दिनों तक रिश्तेदार भी पार्क में जाकर उसकी खोज करते रहे, मगर सफलता नहीं मिली थी।

### राजस्थान के दो नशा तस्कर गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जिला के ऐलनाबाद क्षेत्र से दो तस्करों को अफीम सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पकड़ी गई अफीम की कीमत डेढ़ लाख रुपये आकी गई है। सीआईए ऐलनाबाद प्रभारी संदीप कुमार ने मंगलवार को बताया कि पकड़े गए तस्करों की पहचान राजस्थान के बीकानेर जिला निवासी श्याम सुंदर व सही राम के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव कर्मशाना से होते हुए गांव मिठनपुरा की तरफ जा रही थी।

**धर्म-कर्म** | भगवान विष्णु करेंगे विश्राम, 21 नवंबर तक वर्जित होंगे शादी-विवाह

## देवशयनी एकादशी 25 जुलाई को, 4 माह नहीं होंगे शुभ कार्य

- योगिनी एकादशी, गुप्त नवरात्रि और गुरु पूर्णिमा जैसे प्रमुख पर्व आषाढ़ मास में ही

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

मंगलवार, 30 जून से आषाढ़ मास शुरू हो चुका है। यह हिन्दी पंचांग का चौथा महीना है। बुधवार, 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के साथ आषाढ़ खत्म होगा और 30 जुलाई से सावन मास शुरू हो जाएगा। आषाढ़ महीने में भगवान विष्णु की पूजा खासतौर पर की जाती है। इसी महीने के शुक्ल पक्ष की एकादशी (देवशयनी एकादशी) से भगवान विष्णु चार महीनों के लिए विश्राम करते हैं। आषाढ़ मास में योगिनी एकादशी, गुप्त नवरात्रि, गुरु पूर्णिमा और चातुर्मास जैसे महत्वपूर्ण व्रत-पर्व आते हैं। फतेहाबाद के प्रमुख ज्योतिषाचार्य एवं श्री श्याम मंदिर के पुजारी पंडित सूरज शर्मा के मुताबिक, आषाढ़ मास भक्ति और ध्यान करने का महीना है। यह वर्षा ऋतु समय है, प्रकृति में नवजीवन का संचार होता है और साधु-संत भी एक स्थान पर रहकर चातुर्मास का पालन करते हैं, पुराने समय में इस महीने में एक ही जगह रुककर लोग भक्ति और ध्यान किया करते थे। देवशयनी एकादशी यानि 25 जुलाई से चातुर्मास शुरू हो जाएगा।


#### देवशयनी एकादशी से जुड़ी मान्यताएं



पंडित सूरज शर्मा ने बताया कि आषाढ़ शुक्ल एकादशी को देवशयनी या हरिशयनी एकादशी कहते हैं, क्योंकि इस तिथि से भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं और चार महीनों के बाद कार्तिक शुक्ल एकादशी यानि देवउठनी एकादशी, 21 नवंबर पर जागते हैं। इस एकादशी पर व्रत रखने, भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा करने का विशेष महत्व है। इस दिन सूर्यास्त के बाद तुलसी के पास दीपक जलाना चाहिए। इसी दिन से चातुर्मास शुरू हो जाता है।

#### गुरु पूर्णिमा 29 जुलाई को

पंडित सूरज शर्मा ने बताया कि आषाढ़ पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा या व्यास पूर्णिमा (29 जुलाई) कहते हैं। यह पर्व महर्षि वेदव्यास की जन्मतिथि है। वेद व्यास ने वेदों का संपादन किया था। महाभारत और श्रीमद् भागवद् पुराण जैसे ग्रंथ की रचना की। इस दिन गुरु, शिक्षक और जीवन में मार्गदर्शन देने वाले व्यक्तियों का पूजन किया जाता है। आश्रमों और धार्मिक स्थलों पर विशेष पूजा होती है, सत्संग और भंडारे होते हैं।



# नए सितारों से सजी 'रहूं मैं तेरे रूबरू' का ट्रेलर जारी...

**मुंबई।** फिल्म 'रहूं मैं तेरे रूबरू' का ट्रेलर सामने आ चुका है। इसमें सस्पेंस है, थ्रिल है और एक्शन भी है। मर्डर मिस्ट्री और लव ट्रायएंगल सहित इस फिल्म में कई दिलचस्प ट्विस्ट हैं। इस फिल्म में आर्य कुमार, नीता शेट्टी और पीहू बिस्वास जैसे नए कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म 'रहूं मैं तेरे रूबरू' का निर्देशन इंद्र दास ने किया है। इसे एसएस एंटरटेनमेंट वर्ल्ड के बैनर तले सुमन सौरभ ने प्रोड्यूस किया है। रहूं मैं तेरे रूबरू' 17 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मंगलवार को रिलीज हुए इस फिल्म के ट्रेलर में आज की तकनीक और इंटरनेट की दुनिया के जीवन पर हो रहे नकारात्मक असर को दिखाने की भी कोशिश की गई है।

लाइफ Style

# कृति
## मैंने करवा लिए एग्ज फ्रीज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक्टर कृति सेनन ने बताया है कि उन्होंने अपनी फिल्म 'मिमी' की तैयारी के दौरान अपने एग्स फ्रीज करवाने का फैसला किया था। उन्होंने इसे अपने लिए लिए गए 'सबसे समझदारी भरे' फैसलों में से एक बताया है।

हाल ही में हुए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि यह फैसला फिल्म के लिए उनके फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन (शारीरिक बदलाव) के समय के साथ मेल खाता था, इसलिए यह प्रोसेस करवाने का यह सबसे सही मौका था। 35 साल की एक्ट्रेस ने बताया कि एग फ्रीजिंग से अक्सर ब्लोटिंग (पेट फूलना) और हार्मोनल बदलाव होते हैं। चूंकि उन्हें 'मिमी' फिल्म में अपने रोल के लिए वजन बढ़ाना था, इसलिए उन्हें लगा कि यही सही समय है जब वे यह प्रोसेस करवा सकती हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने एक व्यक्ति से बात की थी, जिन्होंने मुझे बताया कि अगर आप कर सकती हैं, तो यह आपके लिए सबसे अच्छी चीज है। यह सबसे अच्छा तोहफा है जो आप खुद को दे सकती हैं। यह बात मेरे दिमाग में रही। फिर, जब मुझे वजन बढ़ाने के लिए कहा गया, तो मुझे लगा कि यही सही समय है'। एक्ट्रेस ने इस प्रोसेस के इमोशनल और फिजिकल असर के बारे में भी बात की। उन्होंने बताया कि इस प्रोसेस की वजह से काफी हार्मोनल बदलाव हुए और इसे करवाते समय उन्हें कई तरह की भावनाएं महसूस हुईं। एक्ट्रेस ने बताया कि उनका मानना है कि जिंदगी के बड़े फैसले समाज की उम्मीदों के बजाय अपनी निजी तैयारी के आधार पर लिए जाने चाहिए।



हॉलीवुड मसाला



# पार्टी रॉक एंथम के लिए थीं मशहूर

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटिश सिंगर लॉरेन बेनेट का 37 साल की उम्र में निधन हो गया है। वह 'पार्टी रॉक एंथम' में अपनी परफॉर्मेंस और जीएलआर की फाउंडिंग मेंबर के तौर पर जानी जाती थीं। उनके बैंड के साथियों ने एक भावुक बयान में उनके निधन की पुष्टि की। बैंड ने उनके जीवन व योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है। लॉरेन बेनेट ने अपने म्यूजिक करियर की शुरुआत 2006 में यूनाइटेड किंगडम में 'द एक्स फैक्टर' के तीसरे सीजन से की थी।




# लंदन इंडियन फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जाएगी 52 ब्लू...

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस नेहा धूपिया अपनी पहली इंटरनेशनल फीचर फिल्म '52 ब्लू' के प्रीमियर के लिए तैयार हैं। यह फिल्म मशहूर लंदन इंडियन फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा है। इसका यूरोपियन प्रीमियर 9 जुलाई को बीएफआई साउथबैंक में होगा। नेहा की शानदार परफॉर्मेंस के लिए फिल्म को पॉजिटिव फीडबैक मिला है। दर्शकों और रिव्यूअर्स, दोनों ने ही फिल्म की इमोशनल गहराई की तारीफ की है, जिससे '52 ब्लू' इस साल फेस्टिवल की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली स्क्रीनिंग में से एक बन गई है। नेहा धूपिया ने इस खास पल के बारे में बात करते हुए अपना उत्साह जाहिर किया। उन्होंने कहा ''52 ब्लू' मेरे लिए हमेशा एक बेहद खास फिल्म रहेगी क्योंकि यह मेरा पहला इंटरनेशनल प्रोजेक्ट है।



# ताज जीतने के 50 साल पूरे, मनाया जश्न


**नई दिल्ली।** पूर्व ब्यूटी क्वीन नफीसा अली ने मिस इंडिया का ताज जीतने के 50 साल पूरे होने की खुशी मनाई है। इस खुशी में नफीसा ने सोशल मीडिया पर कई पुरानी तस्वीरें साझा की हैं और इसके साथ ही एक खास नोट भी लिखा है। नफीसा ने इंस्टाग्राम पर अपनी कई पुरीनी तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों के साथ नफीसा ने कैप्शन में लिखा, '50 साल पहले मुझे 'मिस इंडिया' का ताज पहनाया गया था।' उन्होंने 1976 में यह खिताब जीता था। इसके बाद उन्होंने टोक्यो में हुए 'मिस इंटरनेशनल 1976' कॉम्पिटिशन में भारत का नाम रोशन किया था और वहां वह सेकंड रनर-अप रही थीं। 69 साल की नफीसा अली ने 2018 में स्टेज 3 के पेट और ओवरी के कैंसर से जंग लड़ी और उसे हराया। अप्रैल 2026 में उन्होंने अपनी सर्जरी के निशान और कीमोथेरेपी की बातें भी फैंस के साथ साझा की थीं।



# इंसानों व कुत्तों के बीच रिश्ते की कहानी

**मुंबई।** अमित राय अपनी अगली फिल्म 'ओह माय डॉग' लेकर आ रहे हैं। इससे पहले उन्होंने 'ओह माय गॉड 2' का निर्देशन किया था। उनकी नई फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर में इंसानों और कुत्तों के बीच बिना शर्त प्यार और वफादारी की एक कहानी की झलक दिखती है। टीजर की शुरुआत अमिताभ बच्चन के मशहूर गाने 'मेरे पास आओ मेरे दोस्तों, एक किस्सा सुनो' से होती है, जो तुरंत पुरानी यादें ताजा कर देता है। साथ ही कहानी की मासूमियत, अपनापन और इमोशनल गहराई को खूबसूरती से दिखाता है। यह फिल्म 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म 'ओह माय डॉग' में माही राय, पंकज त्रिपाठी, गीता अग्रवाल शर्मा, राजेश कुमार, पवन मल्होत्रा, सुलक्षणा बरुआ और विजय मिश्रा नजर आएंगे।

टीवी मसाला



# पति के 10 अफेयर हों तो भी उन्हें कभी नहीं छोड़ूंगी : सुनीता

**नई दिल्ली।** मशहूर बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा इन दिनों रियलिटी शो 'लॉक अप सच या सजा' में नजर आ रही हैं और साथ ही अपने बयानों से जमकर सुर्खियां भी बटोर रही हैं। इसी शो के दौरान सुनीता ने अपने पति गोविंदा को लेकर एक ऐसी बात कही है, जिसे सुनकर इस शो के होस्ट फराह खान और रितेश देशमुख भी दंग रह गए। उन्होंने कहा है कि चाहे उनके पति गोविंदा के दस महिलाओं के साथ संबंध ही क्यों न हों, वह उन्हें कभी नहीं छोड़ेंगी। सुनीता ने यह बात नेटफ्लिक्स के रियलिटी शो 'लॉक अप सच या सजा' में कही, जिसे फराह खान और रितेश देशमुख होस्ट कर रहे हैं। इस शो में वाइल्डकार्ड एंट्री के तौर पर आईं अभिनेत्री शिल्पा शिंदे ने सुनीता के उन पुराने बयानों पर बात की। इस पर सुनीता भड़क गईं और उन्होंने शिल्पा से कहा कि लोगों को पहले उनकी जगह रहकर देखना चाहिए, उसके बाद ही कोई राय बनानी चाहिए। सुनीता ने कहा, 'जब यह सब आपके साथ होगा, तब आपको समझ आएगा कि मैं किस दौर से गुजरी हूं। यह मेरी जिंदगी है और मैं जो चाहूंगी, वही करूंगी।' उन्होंने आगे कहा, 'गोविंदा मेरा पति है, अगर वह 10 जगह भी अफेयर करेंगे, तो भी मैं उसे नहीं छोड़ूंगी। मैं अपनी आखिरी सांस तक उससे प्यार करूंगी।' बाद में सुनीता ने शो के दूसरे कंटेस्टेंट राम कपूर से भी शिल्पा शिंदे की शिकायत की। उन्होंने गुस्से में कहा, 'शिल्पा मुझे उकसा रही है।

## शिवांगी को रोता देख आग-बबूला हुए हर्षद

**नई दिल्ली।** शो 'लॉकअप 2' इन दिनों झगड़ा, विवादों की वजह से चर्चा में है। इस रियलिटी शो में हाल ही में एक बड़ा हंगामा हुआ। इंफ्लुएंसर श्रेया कालरा की वजह से एक्ट्रेस शिवांगी जोशी फूट-फूटकर रोईं। शिवांगी को ऐसे देखकर उनके दोस्त और पुराने को-एक्टर हर्षद चोपड़ा का पारा चढ़ गया। हर्षद श्रेया से लड़ने के लिए शो में दौड़ पड़े थे। 'लॉकअप 2' के वायरल वीडियो में हर्षद चोपड़ा के सामने शिवांगी रो रही हैं। वह बताती हैं कि उन्होंने श्रेया से सच में पूछा कि क्या उनकी तबियत खराब है। इस पर श्रेया ने शिवांगी के साथ बदतमीजी से बात की। इससे वह दुखी हो गईं और हर्षद चोपड़ा और आकांक्षा चमोला के सामने रोने लगीं। यह देखकर हर्षद गुस्से में श्रेया को तलाशने के लिए दौड़ पड़े। ऐसे में शिवांगी और आकांक्षा ने हर्षद को किसी तरह से रोका। इस दौरान काफी शोर-शराबा हुआ, जिसे सुनकर बाकी प्रतियोगी भी एक जगह पर आ गए।



# आवारापन 2 का पहला गाना जुनून रिलीज
## सुबोध ने दी है आवाज....

**मुंबई।** आवारापन 2 के निर्माताओं ने मंगलवार को इमरान हाशमी की फिल्म का पहला गाना जुनून रिलीज कर दिया है। इस गाने के बोल शहीद कादरी ने लिखे हैं और मिथुन ने कंपोज किया है। इस गाने को गायक सुबोध शर्मा ने गाया है। इस गाने में इमरान हाशमी से लेकर दिशा पाटनी और श्रेया सरन की खास झलक देखने को मिली। फिल्म 'आवारापन 2', 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में इमरान हाशमी और दिशा पटानी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में श्रेया सरन का भी अहम रोल है। इमरान ने इंस्टाग्राम पर अपने इस गाने को साझा किया और कैप्शन में लिखा, 'इस आवारापन के जुनून में होना है तबाह।' एक यूजर ने लिखा, 'इस गाने की रचना थोड़ी 'सैयारा' से मिलती जुलती लग रहा है' दूसरे यूजर ने लिखा, 'श्रेया सरन के पुराने सींस को देखकर अच्छा लगा।' एक और यूजर ने लिखा, 'आवारापन के गानों की बात ही अलग थी' एक यूजर ने इमरान के लिए लिखा, 'अक्खा बॉलीवुड एक तरफ और इमरान हाशमी एक तरफ'। एक और यूजर ने लिखा, 'शिवम वापस आ गया है'। एक और यूजर ने लिखा, 'इस फिल्म को कोई नहीं रोक सकता, पहले दिन ही हिट हो जाएगी'।



# 1975 में बैन कर दी गई थी फिल्म सिक्किम 1971

**नई दिल्ली।** आज हम आपको बताने जा रहे हैं एक ऐसी डॉक्यूमेंट्री फिल्म के बारे में जिसका काफी ज्यादा ऐतिहासिक महत्व है। यह फिल्म तब बनी जब सिक्किम भारत का हिस्सा भी नहीं था। इसे बनाया था लीजेंडरी फिल्ममेकर सत्यजीत रे ने। इस फिल्म की रिलीज के बाद इस पर विवाद हो गया और भारत सरकार ने इसे बैन कर दिया। लोग इस फिल्म का नाम तक भूल गए थे, लेकिन फिर साल 2010 में इसे फिर से रिलीज किया गया और इस मूवी ने तहलका मचा दिया।

***सत्यजीत रे साहब ने खोल दी पोल :*** बात साल 1971 की है जब सिक्किम के राजा ने उस दौर के आइकॉनिक फिल्ममेकर रहे सत्यजीत रे से विनती की, कि वह उनके ऊपर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाएं। क्योंकि ,सत्यजीत रे साहब सच्ची और पक्की फिल्ममेकिंग में मानते थे, इसलिए उन्होंने सिक्किम के तत्कालीन राजा के राज्य के बारे में लगभग सब कुछ दिखा डाला। यानि उन्होंने इस डॉक्यूमेंट्री में उनके राज्य की अच्छाइयां और बुराइयां तो दिखाई हीं, साथ ही साथ विदेशी पर्यटकों की हालत और राजसी परिवार और आम लोगों की जिंदगी में कितना फर्क है यह भी दिखाया।



***भारत सरकार ने लगा दिया था बैन :*** कहानी में ट्विस्ट तब आया जब साल 1975 में सिक्किम राज्य भारत का हिस्सा बन गया। सिक्किम 22वें राज्य के तौर पर भारतीय गणराज्य का हिस्सा बना और जब इतना सारा राजनीतिक उठापटक चल रहा था, तो इस बीच सत्यजीत रे की यह डॉक्यूमेंट्री विवादों में घिर गई। सरकार ने इसे बैन कर दिया और लोग मानने लगे कि यह फिल्म पूरी तरह नष्ट कर दी गई है। सरकार ने भी राहत की सांस ली, वक्त बीतता गया और फिर कई दशक बाद ब्रिटिश फिल्म इंस्टीट्यूट को एक डैमेज्ड प्रिंट मिला। इस प्रिंट में क्या था?

### साल 2010 में फिर से हुई रिलीज

इस प्रिंट में सत्यजीत रे की वही डॉक्यूमेंट्री थी, जिसने उस दौर में तहलका मचा दिया था। एकेडमी फिल्म आर्काइव ने दोबारा इस पूरी फिल्म को रीस्टोर किया और फिर साल 2010 में सरकार ने इस पर लगाया गया बैन हटा दिया। यानि अब अगर आप चाहें तो इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म को बेधड़क देख सकते हैं। अब सवाल उठता है कि आखिर यह फिल्म थी कौन सी? तो इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म का नाम था 'सिक्किम 1971'। इसका टाइटल काफी सीधा सा रखा गया था और लेकिन इसका कॉन्टेंट काफी डीप था।

## पुरुष समाज का दर्द दिल किया है बयां, हर किसी की आंखें कर दी थीं नम

# रफी ने गाया था यह दर्द भरा गीत, कल्ट क्लासिक है 56 साल पुराना गाना

*नई दिल्ली। सिनेमा जगत के महान गायक के तौर पर आज भी मोहम्मद रफी को जाना जाता है। अपने सुनहरे सिंगिंग करियर के दौरान उन्होंने हर किस्म के गीतों को आवाज दी थी और उन्हें अमर किया था। लेकिन, सैड सॉन्ग के मामले में रफी साहब एक अलग दर्जे के सिंगर के तौर पर पहचाने जाते थे। इसी आधार पर आज हम आपको मोहम्मद रफी द्वारा गाया एक ऐसे कल्ट क्लासिक सैड सॉन्ग के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे सबसे सर्द भरे गीत के तौर पर भी जाना जाता है।*

### किसने तैयार किया गाना

बात की जाए फिल्म हीर रांझा के ये दुनिया ये महफिल की मेकिंग की तो मोहम्मद रफी की गायिकी के अलावा इसकी धुनों को मशहूर संगीतकार मदन मोहन अपने धुनों पर तैयार किया था, जबकि इसके लिरिक्स को कैफी आजमी गीतकार ने लिखा था। इस तरह से ये कल्ट क्लासिक सैड सॉन्ग रेडी हुआ था।



### 1970 में रिलीज हुई थी हीर रांझा

जब मोहम्मद रफी सैड सॉन्ग गाते थे, तो मानों ऐसा लगता कि उन्होंने सच में अपने दिल का दर्द आवाज में उतार के रख दिया है। उनकी आवाज से गाने की खूबसूरती और बढ़ जाती थी, जिसे सुनने के बाद दिल और आंखें भरा आती थी। ऐसा ही करिश्मा रफी साहब ने साल 1970 में रिलीज होने वाली फिल्म हीर रांझा के एक गीत के लिए किया था।

### राज कुमार पर फिल्माया गया गाना

जब उन्होंने ये दुनिया ये महफिल... गीत गाया था। अभिनेता राज कुमार पर फिल्माया गया मोहम्मद रफी का ये गाना आज भी बॉलीवुड के बेस्ट एवर सैड सॉन्ग के तौर पर जाना जाता है। इस गाने को सुनने के बाद यकीनन तौर पर आपकी भी आंखें भर आएंगी। कुल मिलाकर कहा जाए तो पुरुष समाज का दर्द दिल बयां करने के लिए रफी साहब के ये दुनिया ये महफिल को जाना जाता है। इस वजह से ये हर किसी का फेवरेट भी माना जाता है। अगर आप भी मोहम्मद रफी के गानों को सुनना पसंद करते हैं तो यकीनन तौर पर आपकी प्लेलिस्ट में ये दर्द भरा गीत जरूर शामिल होगा।

### 35 लाख के टेंडर पर उठाए सवाल, बीमारियों का जताया खतरा

# ड्रेन का पानी नहरों में डालना सेहत से खिलवाड़: किसान सभा

### राजस्थान सीमा तक माइनर बनाकर पानी पहुंचाने का दिया सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

अखिल भारतीय किसान सभा हनुमानगढ़ के जिलाध्यक्ष मंगेज चौधरी ने बताया कि सरकार ने हिसार-घग्घर ड्रेन का पानी निकालने के लिए 35 लाख रुपए का टेंडर निकाला, जिसके तहत इस ड्रेन के पानी को चोपटा क्षेत्र से होकर जाने वाली पेयजल सप्लाई करने वाली नहरों में डालने की योजना तैयार की गई। मंगेज चौधरी मंगलवार को सिरसा में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हिसार-घग्घर ड्रेन में रोहतक तक का पानी आता है, जिसमें फैक्ट्रियों के साथ-साथ अपशिष्ट पदार्थ भी होते हैं। इस पानी को नहरों में डालने का सीधा-सीधा मतलब है कैंसर को बुलावा। चौधरी ने कहा कि एक तो सेम की समस्या के कारण पहले ही पैंतालिसा के किसान परेशान हैं, उपर से सरकार ने इस प्रोजेक्ट का टेंडर लगाकर किसानों की सिरदर्दी को और बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार को अगर व्यवस्था करनी ही है तो हिसार-घग्गर ड्रेन का पानी ट्रीट करके घग्घर में डाले, या फिर ड्रेन के साथ माइनर बनाकर राजस्थान सीमा तक पानी पहुंचाए, जिसे राजस्थान लेने के लिए तैयार है। का. स्वर्ण सिंह विर्क ने कहा कि पहले यह ड्रेन रोहतक थी, जिसे अब विस्तार कर दिल्ली तक तैयार किया जा रहा है। दिल्ली तक का केमिकल युक्त पानी अब यहां आएगा, जिसे पेयजल सप्लाई की नहरों में डालना लोगों को मौत के मुंह में पहुंचाना है। सुरजीत सिंह ऐलनाबाद ने कहा कि सरकार के इस फैसले से किसानों को नुकसान हो न हो, लोग पानी में बहेंगे या नहीं, लेकिन बीमारियों की भरमार होगी। इस प्रकार के प्रोजेक्ट से सरकार की मंशा साफ है कि वो दोनों राज्यों के लोगों को आपस में भिड़वाना चाहती है। मंगेज चौधरी ने कहा कि हालांकि सरकार ने प्रोजेक्ट बंद कर दिया है, लेकिन उन्हें विश्वास नहीं है कि सरकार इसके पानी को नहरों में न डाले।


सिरसा। किसान नेता मंगेज चौधरी पत्रकारों से बात करते।

**13 जुलाई को होगी संयुक्त बैठक**

उन्होंने कहा कि आगामी 13 जुलाई को चोपटा में संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक आयोजित होगी, जिसमें दोनों राज्यों के किसानों के साथ-साथ आमजन भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सरकार ने इस प्रोजेक्ट के तहत नहरों में ड्रेन का पानी डालने की कोशिश की तो किसान बड़े आंदोलन से पीछे नहीं हटेंगे। इस मौके पर राजेंद्र रूपावास, हमजिंद्र सिद्धू, मांगेराम पनिहारी सहित अन्य किसान नेता मौजूद थे।

# हरियाणा उदय अभियान को सफल बनाने के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं से मांगा सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में 11 जुलाई को प्रातः 11 बजे इन्द्रधनुष ऑडिटोरियम, पंचकूला में हरियाणा उदय अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले कम्युनिटी पुलिसिंग एवं आउटरीच कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव कार्यालय में स्वयंसेवी संस्थाओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव रवि कुमार हुड्डा ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिस और आमजन के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना, युवाओं एवं नागरिकों को सामाजिक सरोकारों से जोडऩा तथा जनसहभागिता के माध्यम से सुरक्षित एवं जागरूक समाज का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि हरियाणा उदय अभियान समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाकर सकारात्मक बदलाव की दिशा में कार्य करने का महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने उपस्थित स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे हरियाणा उदय अभियान के उद्देश्यों को जन-जन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाएं तथा 11 जुलाई को आयोजित कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इसे सफल बनाने में अपना योगदान दें।

**बैठक में ये रहे मौजूद**

बैठक में सद्गुरू कृपा अपना घर, नशा मुक्ति सेना, महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट, गुरुद्वारा सिंह सभा, सिटी वेलफेयर क्लब, सरबत दा भला, श्री अंजली माता सेवा सदन, खुशी नई उम्मीद, अणुव्रत विश्व भारती, सब्जी मंडी एसोसिएशन, सडक़ सुरक्षा संगठन, स्वामी तेजगिरी कुटिया, श्री श्याम बाबा वेलफेयर सोसायटी, अग्रवाल सभा, भाई कन्हैया मानव सेवा ट्रस्ट, जिंदगी संस्था, अरोड़वंश महासभा, जीव सेवा जीवन सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट, रिटेल कैमिस्ट एसोसिएशन तथा योग अभ्यास केन्द्र सहित अनेक सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## नहर-तालाब से बच्चों को रखें दूर: एसपी

सिरसा। गर्मी के मौसम में नहर, नदी, तालाब और नालों में नहाने के दौरान अतीत में हुए हादसों को देखते हुए पुलिस प्रशासन समय-समय पर विशेष एडवाइजरी जारी कर लोगों को जागरुक कर रही है। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने जिले के लोगों, खासकर अभिभावकों से देसी अंदाज में साफ संदेश दिया है कि बच्चों की जिद से ज्यादा उनकी जिंदगी जरूरी है। उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों की रोजमर्रा की गतिविधियों पर नजर रखें और उन्हें किसी भी हाल में नहर, नदी, तालाब, नालों या स्विमिंग पूल के आसपास अकेले न जाने दें। एसपी ने बताया कि हर साल गर्मी के मौसम में कई बच्चे और युवा नहरों व अन्य जलस्रोतों में नहाने के दौरान हादसों का शिकार हो जाते हैं। अक्सर बड़े बच्चों को देखकर छोटे बच्चे भी पानी में उतर जाते हैं, लेकिन तैरना नहीं आने के कारण उनकी जान जोखिम में पड़ जाती है। ऐसे हादसे पूरे परिवार को जिंदगी भर का दर्द दे जाते हैं। उन्होंने युवाओं से भी अपील की कि वे खुद जलस्रोतों में नहाने से बचें और छोटे बच्चों के लिए अच्छी मिसाल बनें। साथ ही आसपास के लोगों को भी पानी के खतरों के प्रति जागरूक करें, ताकि कोई भी परिवार ऐसी दुखद घटना का शिकार न हो। पुलिस प्रशासन ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि वे नियमित गश्त के दौरान नहर, नदी और तालाबों के आसपास विशेष निगरानी रखें। जहां जरूरत हो वहां चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं। इसके अलावा जलस्रोतों के किनारे वाहन खड़े कर शराब या अन्य नशा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश भी जारी किए गए हैं। इस कार्य में पुलिस अधीक्षक ने ग्राम पंचायतों से भी सहयोग मांगा है। उन्होंने कहा कि गांवों में मुनादी कराकर लोगों को जागरूक किया जाए। यदि किसी को कोई बच्चा संदिग्ध परिस्थितियों में अकेला जलस्रोत के पास दिखाई दे तो उसे सुरक्षित स्थान पर पहुंचाकर तुरंत पुलिस या उसके परिजनों को सूचना दें। पुलिस प्रशासन का कहना है कि सतर्कता, जागरूकता और सामूहिक जिम्मेदारी ही बच्चों की सुरक्षा की सबसे बड़ी गारंटी है।


एसपी दीपक सहारण।

# फतेहाबाद डिस्ट्रीब्यूटर नहर में फंसी बोरी से मची खलबली

### मर्डर मिस्ट्री की आशंका के बीच निकले सैकड़ों मृत मुर्गे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिले के शहर टोहाना में योग आश्रम के पास से गुजर रही फतेहाबाद डिस्ट्रीब्यूटर नहर में उस वक्त हडक़ंप मच गया, जब पानी की पाइपलाइन में फंसी एक संदिग्ध बंद बोरी से भयंकर दुर्गंध उठने लगी। बोरी का आकार और उससे आ रही असहनीय बदबू को देखकर आसपास के दुकानदारों और राहगीरों के पैर तले जमीन खिसक गई। हर तरफ एक ही फुसफुसाहट थी कि बोरी में किसी की लाश है। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और इलाके में मर्डर मिस्ट्री की आशंका से सनसनी फैल गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत डायल 112 पुलिस को सूचना दी गई। किसी खौफनाक वारदात की आशंका के बीच पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा। स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए समाजसेवी और जाने-माने वन्यजीव रेस्क्यूकर्ता नवजोत सिंह ढिल्लों व उनकी टीम को भी आनन-फानन में मौके पर बुलाया गया। भारी सस्पेंस के बीच पुलिस और रेस्क्यू टीम ने जब नहर से बोरी को बाहर निकाला और उसे खोला, तो वहां मौजूद हर शख्स ने राहत की सांस ली। बोरी के भीतर किसी इंसान का शव नहीं, बल्कि ठूस-ठूस कर भरे गए करीब 50 किलोग्राम मृत मुर्गे थे। सिर्फ इतना ही नहीं, थोड़ी दूर पर नहर में एक मृत कुत्ता भी सड़ रहा था, जिससे उठने वाली सड़ांध ने पूरे इलाके का जीना मुहाल कर रखा था। किसी पोल्ट्री फार्म संचालक या असामाजिक तत्व ने अपनी लापरवाही छुपाने के लिए इस करतूत को अंजाम दिया था।

# डॉक्टर के खाते से उडाए 5.80 लाख रुपये

### बंद पड़े सिम कार्ड से खुली बैंक खाते की तिजोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

लंबे समय तक मोबाइल रिचार्ज न करवाने के कारण बंद हुए सिम कार्ड के जरिए एक डॉक्टर के बैंक खाते से लाखों रुपये साफ करने का गंभीर मामला सामने आया है। रतिया के लाली रोड, वार्ड नंबर 17 निवासी होम्योपैथी चिकित्सक गुरप्रीत सिंह के एचडीएफसी बैंक खाते से अज्ञात जालसाज ने 5 लाख 80 हजार रुपये की राशि निकाल ली। इस संबंध में साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित डॉ. गुरप्रीत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका रतिया के एचडीएफसी बैंक में खाता है, जो उनके पुराने मोबाइल नंबर से लिंक था। कई महीनों तक रिचार्ज न कराने की वजह से जिओ कंपनी ने उक्त नंबर को बंद कर नियमों के तहत किसी अन्य व्यक्ति के नाम अलॉट कर दिया था, जिसकी जानकारी डॉक्टर को नहीं थी। मामले का खुलासा तब हुआ जब 23 जून को गुरप्रीत सिंह अपने खाते की पासबुक में एंट्री प्रिंट करवाने बैंक पहुंचे। वहां उन्हें पता चला कि 4 जून से 9 जून के बीच उनके खाते से बिना उनकी अनुमति के कुल 5 लाख 80 हजार रुपये ट्रांसफर किए जा चुके हैं।

**साइबर पोर्टल पर दर्ज करवाई शिकायत**

धोखाधड़ी की बात सामने आने के बाद पीड़ित ने तुरंत इसकी शिकायत साइबर क्राइम पोर्टल पर दर्ज करवाई। बंद पड़े नंबर पर आए बैंक अलर्ट और ओटीपी का फायदा उठाकर जालसाज ने इस पूरी वारदात को अंजाम दिया। शिकायत के आधार पर साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है और बैंक ट्रांजैक्शन व कूरियर डिलीवरी के रिकॉर्ड के आधार पर मामले की तफ्तीश में जुट गई है।

## संस्था ने 110 जरूरतमंदों को बांटा राशन

सिरसा। जनकल्याण न्यास ने 110 जरूरतमंदों को राशन वितरित किया। एक विद्यार्थी को 2 हजार रुपए का आर्थिक सहयोग दिया गया। कार्यक्रम में रमेश कथूरिया, सुभाष बांसल, महेश सिंगला, सतीश खन्ना, रामेश्वरदास, देवेंद्र चोपड़ा, राजू शर्मा, कृपाल सिंह व रिजुल बहल का विशेष सहयोग रहा। समिति के प्रधान ओम बहल, सचिव रमेश कथूरिया सहित अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों को को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

# बीएसएनएल ने किया किफायती ब्रॉडबैंड प्लान लॉन्च

### योजना के माध्यम से गांवों में इंटरनेट व स्वरोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल कनेक्टिविटी को नई गति देने के उद्देश्य से भारत संचार निगम ने भारत नेट उद्यमी योजना के तहत किफायती ब्रॉडबैंड प्लान शुरू किया है। इस योजना के माध्यम से गांवों के परिवारों तक तेज और भरोसेमंद इंटरनेट सुविधा पहुंचाने के साथ-साथ स्थानीय युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध कराए जाएंगे। बीएसएनएल का यह विशेष अभियान 19 जून से शुरू हो चुका है और शुरूआती तीन माह तक संचालित किया जाएगा। मंडल अभियंता जोगिंद्र सिंह ने बताया कि एंट्री लेवल ब्रॉडबैंड प्लान विशेष रूप से भारत नेट नेटवर्क से जुड़े ग्रामीण परिवारों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य गांवों में डिजिटल सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के साथ-साथ शिक्षा, कृषि, व्यापार और सरकारी सेवाओं को ऑनलाइन माध्यम से अधिक सुलभ बनाना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण भारत तेजी से डिजिटल हो रहा है और ऐसे समय में सस्ती इंटरनेट सेवा गांवों के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत विद्यार्थियों को ऑनलाइन पढ़ाई के लिए बेहतर इंटरनेट मिलेगा, जिससे डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। वहीं किसान कृषि संबंधी पोर्टल, मौसम की जानकारी, सरकारी योजनाओं और ऑनलाइन बाजारों से जुड़ सकेंगे।

**स्थानीय युवाओं को उद्यमी के रूप में जोड़ा जा रहा**

भारत नेट उद्यमी योजना के तहत स्थानीय युवाओं को उद्यमी के रूप में जोड़ा जा रहा है। ये उद्यमी गांवों में ब्रॉडबैंड कनेक्शन उपलब्ध कराने, उपभोक्ताओं को तकनीकी सहायता देने और सेवा विस्तार का कार्य करेंगे। इससे गांवों में रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर भी विकसित होंगे। बीएसएनएल अधिकारियों के अनुसार केंद्र सरकार का लक्ष्य भारत नेट परियोजना के माध्यम से देशभर के ग्रामीण क्षेत्रों में करीब 1.50 करोड़ ब्रॉडबैंड कनेक्शन उपलब्ध कराना है। बीएसएनएल अधिकारियों ने बताया कि सिरसा जिले में वर्तमान में 4जी नेटवर्क पूरी तरह उपलब्ध है। साथ ही जल्द ही जिले में 5जी नेटवर्क की शुरूआत होने वाली है।


जोगिंद्र सिंह

## पेयजल किल्लत को लेकर जताया रोष

सिरसा। शहर के गोबिंद नगर निवासियों ने मंगलवार को पेयजल किल्लत व अधर में लटके गली निर्माण को लेकर प्रशासन के खिलाफ रोष जाहिर किया। सूचना मिलते ही जनस्वास्थ्य विभाग के कनिष्ठ अभियंता मौके पर पहुंचे और गली वासियों की समस्या सुनकर उन्हें समाधान का आश्वासन दिया। साथ ही रोष जाहिर करते हुए लोगों ने चेतावनी दी कि यदि बुधवार सुबह तक पेयजल किल्लत दूर नहीं हुई तो वे हिसार रोड को जाम कर देंगे। लोगों ने बताया कि पिछले लंबे समय से पेयजल आपूर्ति नहीं हो रही है और वे कैंटर मंगवा कर मोल पानी खरीद रहे हैं। उन्होंने बताया कि गली निर्माण को लेकर ठेकेदार ने गली उखाड़ रखी है और काम अधर में लटका हुआ है, जिससे उन्हें दोहरी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# मुख्य सिपाही रोहताश को सहायक उप-निरीक्षक पद पर पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

पुलिस विभाग में उत्कृष्ट कार्य, अनुशासन एवं निरंतर सराहनीय प्रदर्शन के आधार पर मुख्य सिपाही रोहताश को सहायक उप-निरीक्षक यनि एएसआई के पद पर पदोन्नत किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए स्टार लगाकर सम्मानित किया। एसपी ने कहा कि रोहताश जैसे समर्पित, ईमानदार एवं कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारी विभाग की अमूल्य धरोहर हैं। उनकी उत्कृष्ट कार्यशैली, अनुशासन तथा सेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह पदोन्नति प्रदान की गई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि रोहताश अपनी नई जिम्मेदारियों का निर्वहन भी पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं दक्षता के साथ करते हुए विभाग की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे। पदोन्नत सहायक उप-निरीक्षक रोहताश ने पुलिस अधीक्षक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें भविष्य में भी और अधिक लगन, मेहनत एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी रोहताश को पदोन्नति की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान मिठाई वितरित की गई तथा पूरे वातावरण में उत्साह एवं हर्ष का माहौल रहा।


एएसआई बने रोहताश को स्टार लगाकर बधाई देते एसपी निकिता खट्टर।

## पुलिस ने स्कूलों में जांचे वाहनों के दस्तावेज

सिरसा। गर्मी की छुट्टियों के बाद स्कूल खुलने के साथ ही स्कूली वाहनों पर भी सख्ती हो गई है। ट्रैफिक पुलिस स्कूल में जाकर वैन की चेकिंग कर रही है तो रोड से गुजरने वाले स्कूल वाहनों की भी रूकवाकर चेकिंग की जा रही है। सर्वे में कुछ स्कूली वैन में सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन यंत्र व दस्तावेजों की खामियां मिल रही है। इस पर कुछ वाहनों का चालान भी किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने रानियां और सिरसा ब्लॉक में पांच से छह स्कूलों में स्कूली वाहनों की चेकिंग की है। इस दौरान कई तरह की खामियां मिली है। कुछ वैन के कागज नहीं तो किसी की फिटनेस नहीं मिली। एक वैन के दस्तावेज नहीं थे तो उसका 22 हजार रुपए का चालान किया गया।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर हुई खेल प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

मेरा युवा भारत के तत्वावधान में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती के उपलक्ष्य में गांव खैरेकां के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खेल प्रतियोगिता, योग शिविर एवं युवा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को खेल, योग व राष्ट्रभक्ति एवं सामाजिक सेवा के प्रति प्रेरित करना था। कार्यक्रम में मुख्यतिथि सरपंच सुमन ठाकुर तथा विशिष्ट अतिथि हैंडबॉल कोच संदीप भाटिया, प्रवीण भाटिया, यूथ क्लब एसोसिएशन हरियाणा के महासचिव हरमीत गिल, जिला युवा अवार्डी गुरमीत ढाणी-400, स्वयंसेवक भरत राठौर, सुमित नूहियांवाली, पूजा वर्मा तथा सुशील भरोखा थे। क्लब की ओर से संस्थापक मास्टर संदीप सैनी, संदीप गुच्छा, नवजोत रंधावा, संदीप बलजोत, लवप्रीत खैरेकां, हरदीप भाटिया, जनक राज, मनीष, जसप्रीत, संदीपी, मनप्रीत, सुनील अरोड़ा, चिराग सहित अन्य युवा साथियों ने सक्रिय सहयोग दिया।


सिरसा। खिलाड़ियों को सम्मानित करते आयोजक।

# कल से होने वाली बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर धारा 163 रहेगी लागू

■ जिला मजिस्ट्रेट ने आदेश किए जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिला मजिस्ट्रेट ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 के तहत आदेश जारी करते हुए 9 से 18 जुलाई तक आयोजित होने वाली हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की सीनियर सेकेंडरी तथा सेकेंडरी परीक्षाओं के शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संचालन के लिए आवश्यक प्रतिबंध लागू किए हैं। यह आदेश हरियाणा विद्यालय अनुरोध पर जारी किए गए हैं। जारी आदेशों के अनुसार जिला के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फतेहाबाद, राजकीय उच्च विद्यालय भोडिया खेड़ा, ओम निवास हाई स्कूल फतेहाबाद तथा बाल भारती वरिष्ठ माध्यमिक केन्द्रों पर परीक्षा अवधि के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए जाएंगे। आदेशों के तहत परीक्षा केन्द्रों से 500 मीटर की परिधि में किसी भी प्रकार के हथियार लेकर जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

**ये रहेगी सुरक्षा**

परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर के दायरे में फोटोस्टेट की दुकानें बंद रहेंगी तथा वाहनों की पार्किंग की भी अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर के दायरे में वाई-फाई, ब्लूटूथ अथवा अन्य इलेक्ट्रॉनिक संचार उपकरणों के उपयोग, लाउडस्पीकर बजाने तथा गैर कानूनी रूप से भीड़ एकत्र करने एवं अन्य अवांछित गतिविधियों पर भी प्रतिबंध लगाया गया है, ताकि परीक्षा का संचालन पूरी पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सुनिश्चित किया जा सके।

### रामपुरा बगडिय़ा में किसान खेत पाठशाला का आयोजन

# किसानों को कीट प्रबंधन की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चोपटा

गांव रामपुरा बगडिय़ा में किसान जसवंत गोदारा के खेत में कृषि विभाग की ओर से किसान खेत पाठशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में करीब 30 किसानों ने भाग लेकर खरीफ फसलों में कीट प्रबंधन एवं आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर किसानों को कपास की फसल में गुलाबी सुंडी, सफेद मक्खी और थ्रिप्स की पहचान, रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कृषि विभाग के डॉ. शैलेंद्र सहारण, डॉ. संतलाल बेनीवाल, होशियार सिंह, मदन तथा रविंद्र ने किसानों को समय-समय पर फसल का निरीक्षण करने, कीटों की प्रारंभिक अवस्था में पहचान करने तथा कृषि विभाग की सलाह के अनुसार ही कीटनाशकों का संतुलित एवं वैज्ञानिक तरीके से प्रयोग करने की सलाह दी। कार्यक्रम में किसान विनोद कुमार, विक्रम, मोहनलाल, सुभाष चंद्र, सुरेंद्र,



सिरसा। किसानों को कीट प्रबंधन की जानकारी देते कृषि वैज्ञानिक।

**अपील**

किसानों ने विशेषज्ञों से फसल संरक्षण से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका कृषि अधिकारियों ने विस्तार से समाधान किया। कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों से अपील की कि वे नियमित रूप से खेतों का निरीक्षण करें और किसी भी प्रकार के कीट प्रकोप की स्थिति में तुरंत कृषि विभाग से संपर्क कर विशेषज्ञों की सलाह लें, ताकि फसल को नुकसान से बचाया जा सके और बेहतर उत्पादन प्राप्त हो।

## खबर संक्षेप

### नशा मुक्ति केंद्र का सीजेएम ने किया निरीक्षण

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संतोष बागोतिया ने नागरिक अस्पताल में नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां मौजूद नशा पीड़ितों से मुलाकात की और नशा पीड़ितों के लिए दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। सीजेएम संतोष बागोतिया ने उपस्थित स्टाफ से भी नशा पीड़ितों के उपचार के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यदि किसी नशा पीड़ितों को मुफ्त कानूनी सहायता की आवश्यकता है तो वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से कानूनी सहायता ले सकते हैं।

### सड़क से पराली हटाकर टाला बड़ा हादसा

**सिरसा।** डेरा प्रेमियों ने मंगलवार तड़के राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर ओढ़ां क्षेत्र में सडक़ पर बड़ी संख्या में बिखरे पराली के ग_रों को हटाकर संभावित दुर्घटना को टालने का नेक कार्य किया। अंधेरा और तेज रफ्तार की वजह से हादसा होने की अधिक संभावना थी। गांव अलीकां के शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर कमेटी और एमएसजी आईटी विंग के सेवादार सिरसा से डबवाली की ओर जा रहे थे।

### पॉक्सो एक्ट के मामले में आरोपी यतिन गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नाबालिग लडक़ी को बहला-फुसलाकर ले जाने और उसके साथ दुर्व्यवहार करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर टोहाना पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान यतिन उर्फ धोनी पुत्र मलकीत सिंह निवासी राजनगर, टोहाना के रूप में हुई है। पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर गहनता से पूछताछ कर रही है। थाना शहर टोहाना के प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि इस संबंध में 30 जून को थाना सिविल लाइन, जींद में एक महिला द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी।

### युवक पर चचेरे भाई का दरांती से हमला

**फतेहाबाद।** जिले के गांव हरिपुरा में मंगलवार सुबह बाइक सवार युवक पर उसके चचेरे भाई ने दरांती से हमला कर दिया। युवक के हाथ पर दरांती के कई वार किए गए। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे फतेहाबाद के सिविल अस्पताल में लाया गया। जहां से प्राथमिक इलाज के बाद उसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मामले की सूचना पुलिस को भी दी गई है। घायल हरीश ने बताया कि वह सुबह अपने खेत से बाइक पर ज्वार लेकर आ रहा था।

### दुकान से चोरी के मामले में एक युवक काबू

**फतेहाबाद।** दुकान से चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर रतिया पुलिस ने गांव रूपावाली निवासी नरेंद्र सिंह उर्फ कबरू को काबू किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरीशुदा जूसर बरामद किया है। थाना शहर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि वार्ड नंबर-7, शक्ति नगर निवासी संजीव कुमार ने शिकायत दी थी कि वह टोहाना रोड स्थित आईसीआईसीआई बैंक के समीप राजधानी बैटरी हाउस के नाम से दुकान चलाता है।

सरकारी कार्य में बाधा, रिश्वत देने और गला दबाकर जान से मारने के प्रयास का आरोप

# एक्सईएन कार्यालय में घुसकर हंगामा व हाथापाई, किसान समेत चार पर केस

**घटना 6 जुलाई को दोपहर करीब तीन बजे एक्सईएन कार्यालय में हुई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

टोहाना स्थित दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के एक्सईएन कार्यालय में घुसकर हंगामा, हाथापाई और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में सिटी थाना पुलिस ने गांव गाजूवाला निवासी किसान देवेंद्र सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आरोपी कार्यालय में जबरन घुसे, नियमों के विरुद्ध काम करवाने का दबाव बनाया, रिश्वत देने की कोशिश की और विरोध करने पर एक्सईएन के साथ मारपीट कर गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार एक्सईएन की शिकायत पर आरोपी देवेंद्र के खिलाफ द प्रीवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट की धारा 8 तथा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराएं 121(1), 126, 132, 221, 332(ए), 351(2) और 61 के तहत मामला दर्ज किया गया है। शिकायत में सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, हाथापाई करने, झूठे रिश्वत प्रकरण में फंसाने की साजिश रचने, जान से मारने की कोशिश करने और धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

### जबरन कार्यालय में घुसकर बनाया दबाव

मूल रूप से रोहतक निवासी और वर्तमान में टोहाना में कार्यरत एक्सईएन कृष्ण कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 6 जुलाई की दोपहर करीब तीन बजे वह अपने कार्यालय में सरकारी कार्य कर रहे थे। इसी दौरान गांव गाजूवाला निवासी देवेंद्र अपने तीन-चार साथियों के साथ बिना अनुमति कार्यालय में घुस आया। आरोप है कि सभी ने नियमों के विरुद्ध अपना कार्य करवाने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया।

### 500-500 के नोटों के दो बंडल देने का आरोप

शिकायत के अनुसार जब एक्सईएन ने स्पष्ट कहा कि सभी कार्य विभागीय नियमों के अनुसार ही होंगे, तब आरोपियों ने 500-500 रुपये के नोटों के दो बंडल उन्हें देने का प्रयास किया। एक्सईएन ने रिश्वत लेने से इनकार किया और कमरे से बाहर निकलने लगे, लेकिन आरोपियों ने उनका रास्ता रोक लिया। इसके बाद वह पीछे के रास्ते से अकाउंटेंट के कमरे में पहुंचे, जहां भी आरोपी उनके पीछे आ गए और जबरदस्ती उनकी कमीज की जेब में रुपये डालने की कोशिश करने लगे। शिकायत में कहा गया है कि कमीज में जेब नहीं होने के कारण वे रुपये नहीं डाल सके।

### विरोध करने पर हाथापाई गला दबाने का आरोप

एक्सईएन का आरोप है कि जब उन्होंने इस हरकत का विरोध किया तो आरोपी हाथापाई और मारपीट पर उतर आए। आरोपियों ने उनका गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया, जिससे उनकी सांस घुटने लगी। उन्होंने किसी तरह खुद को छुड़ाया। इस दौरान शोर सुनकर कार्यालय के अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर उन्हें आरोपियों से छुड़ाया। घटना के बाद पुलिस को शिकायत दी गई, जिस पर सिटी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एक्सईएन से बदसलूकी पर पावर इंजीनियर्स एसोसिएशन सख्त, आरोपियों की गिरफ्तारी

■ टोहाना में एक्सईएन को झूठे मामले में फंसाने की साजिश का आरोप, गिरफ्तारी नहीं होने पर प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी

**फतेहाबाद।** हरियाणा पावर इंजीनियर्स एसोसिएशन ने टोहाना में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के एक्सईएन के साथ कथित बदसलूकी और उन्हें झूठे मामले में फंसाने की कोशिश की कड़े शब्दों में निंदा की है। एसोसिएशन ने मुख्य आरोपी देवेंद्र और उसके पिता की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि पुलिस ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो पूरे प्रदेश में आंदोलन शुरू किया जाएगा। एचपीईए के महासचिव इंजीनियर रविंद्र घणघस ने कहा कि ड्यूटी पर तैनात एक लोक सेवक का गला पकडऩा, मारपीट करना और जबरन नोटों की गड्डी थमाकर ब्लैकमेल करने का प्रयास बेहद गंभीर और निंदनीय कृत्य है। उन्होंने कहा कि ईमानदारी से कार्य कर रहे बिजली अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ इस तरह की गुंडागर्दी किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी। महासचिव ने बताया कि इस मामले में मुख्य आरोपी देवेंद्र और उसके पिता के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन और पुलिस से दोनों आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग करते हुए कहा कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि सरकारी कर्मचारियों में सुरक्षा और विश्वास बना रहे। रविंद्र घणघस ने कहा कि यदि पुलिस प्रशासन ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की तो हरियाणा पावर इंजीनियर्स एसोसिएशन पूरे राज्य में व्यापक आंदोलन शुरू करने के लिए मजबूर होगी। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में उत्पन्न होने वाले हालात की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## सरकार पर बरसे रिटायर्ड कर्मचारी एसो. ने की बैठक



फतेहाबाद। बैठक में भाग लेते रिटायर्ड कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

■ सड़क हादसे में पूर्व लेखाकार ओमप्रकाश सुथार मताना के निधन पर जताया शोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

ऑल रिटायर्ड कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन की जिला स्तरीय मासिक बैठक मंगलवार को पुराना रेस्ट हाउस, जाट धर्मशाला के पास में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान मुंशीराम कम्बोज ने की, जबकि संचालन महासचिव सुभाष चन्द्र चौहान द्वारा किया गया। इस दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ रोष व्यक्त किया और मांगों के पूरा होने तक संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। बैठक में पंचायत विभाग फतेहाबाद के पूर्व लेखाकार ओमप्रकाश सुथार व उनके परिजनों के राजस्थान में हुए सडक़ हादसे में निधन पर रिटायर्ड कर्मचारियों ने शोक जताया। ओमप्रकाश सुथार हाल ही में 30 मई को सेवानिवृत हुए थे। इसके अलावा नगरपरिषद कर्मचारियों के आंदोलन का भी समर्थन किया गया। इसके साथ ही, सेवानिवृत्त कर्मचारियों बलराज सिंह मुख्य लिपिक पंचायत विभाग भूना और जयवीर नागपुर का जन्मदिन भी सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से धूमधाम से मनाया और उनके दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर निहाल सिंह मताना, हरीचंद कम्बोज, शीशपाल कानूनगो, सूरजभान शीला, रणधीर सिंह डबास, आत्माराम डीआईपीआरओ, चन्द्रभान चोपड़ा, अमरपाल, रामफल, सुलतान सिंह, जयवीर सिंह, कैलाश प्रसाद, ओमप्रकाश सहित अनेक रिटायर्ड कर्मचारी मौजूद रहे।

### ये रखीं मांगे

रिटायर्ड कर्मचारियों ने मांग की है कि आठवां वेतन आयोग को नियमित कर्मचारियों के साथ-साथ रिटायर्ड कर्मचारियों पर भी समान रूप से लागू किया जाए। सेवानिवृत्ति के बाद 65, 70 और 76 वर्ष की आयु पूरी होने पर बेसिक पेंशन में क्रमश: 5, 10 और 15 प्रतिशत की वृद्धि की जाए। साथ ही मासिक मेडिकल भत्ते को एक हजार रुपये से बढ़ाकर 5 हजार रुपये किया जाए और कैशलेस मेडिकल सुविधा तुरंत प्रभावी हो।

## गुलाबी सुंडी से बचाव के लिए किसान नियमित रूप से करें नरमा फसल की निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। गुलाबी सुंडी के प्रकोप से प्रभावित नरमे की फसल।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने किसानों से अपील की है कि नरमा की फसल में फूल आने की अवस्था के दौरान गुलाबी सुंडी के प्रकोप पर विशेष निगरानी रखें। समय रहते पहचान और उचित प्रबंधन अपनाकर फसल को होने वाले आर्थिक नुकसान से बचाया जा सकता है। सहायक पौधा संरक्षण अधिकारी डॉ. जागीर सिंह तथा कृषि विकास अधिकारी डॉ. अंकित ढिल्लों ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन खेतों में नरमा की फसल फूलों की अवस्था में है, वहां किसान नियमित रूप से फूलों का निरीक्षण करें। गुलाबी सुंडी से प्रभावित फूल फिरकीनुमा अथवा गुलाबनुमा दिखाई देते हैं। ऐसे फूल गुलाबी सुंडी के प्रारंभिक प्रकोप का संकेत होते हैं। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि वे अपने खेत में विभिन्न स्थानों से 100 फूलों का निरीक्षण करें। यदि इनमें 5 से 10 फूल गुलाबी सुंडी से प्रभावित पाए जाएं, तो तुरंत अनुशंसित कीटनाशकों का छिडक़ाव करें। इसके लिए इमामेक्टिन बेंजोएट 5 प्रतिशत एसजी की 100 ग्राम प्रति एकड़ या प्रोफेनोफॉस 50 ईसी की 600 मिलीलीटर प्रति एकड़ मात्रा को 150 लीटर पानी में मिलाकर छिडक़ाव करें। अधिकारियों ने किसानों को यह भी सलाह दी कि यदि खेतों के आसपास पिछले वर्ष की नरमा फसल की बनछटिया पड़ी हो, तो उसे अच्छी तरह ढक दें ताकि गुलाबी सुंडी का प्रसार न हो।बनछटियो में पड़े अधखिले या सुंडी से प्रभावित टिंडों को एकत्रित कर नष्ट (जला) कर दें, जिससे कीट का जीवन चक्र टूट सके।

### दस दिवसीय मशरूम प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**सिरसा।** पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सिरसा में आयोजित दस दिवसीय मशरूम प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। शिविर में प्रतिभागिता करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के सर्टिफिकेट निदेशक जितेश कंबोज ने देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण शिविर में सीखे गए रोजगारपरक क्रियाकलापों से प्रशिक्षणार्थी जो कुछ भी सीखते हैं, उससे वे बाहर जाकर अपना स्वयं का रोजगार चला सकते हैं। निदेशक जितेश कंबोज ने कहा कि कुशलता से स्वरोजगार करने के लिए बैंक द्वारा तय मानदंडों के अनुसार ऋण दिया जाता है। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वयं का रोजगार शुरू कर अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए प्रेरित किया।

## पायनियर स्कूल में बस चालकों को साइबर ठगी से बचाव के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। पॉयनियर स्कूल में चालकों को जागरूक करते जिला पुलिस टीम।

जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे साइबर जागरूकता अभियान के तहत थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद की टीम ने बीघड़ रोड स्थित पायनियर स्कूल में स्कूल बस चालकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य साइबर अपराधों की रोकथाम, सोशल मीडिया के सुरक्षित एवं जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग तथा सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के दौरान बस चालकों को ऑनलाइन निवेश, फर्जी ट्रेडिंग, डिजिटल अरेस्ट, फर्जी कॉल, ओटीपी, केवाईसी अपडेट, क्यूआर कोड स्कैन, फर्जी लिंक तथा सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाली साइबर ठगी के विभिन्न तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक खाते, एटीएम, ओटीपी, पासवर्ड अथवा अन्य गोपनीय जानकारी साझा न करें तथा किसी भी संदिग्ध लिंक या क्यूआर कोड को बिना सत्यापन के स्कैन न करें।

## फतेहाबाद : टेलीग्राम पर मुनाफे का झांसा देकर सवा लाख ठगे

■ भूना पुलिस ने राजस्थान से दबोचा दूसरा आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

घर बैठे ऑनलाइन निवेश और भारी मुनाफे का लालच देकर लोगों की गाढ़ी कमाई उड़ाने वाले अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरोह के खिलाफ भूना पुलिस को एक और कामयाबी मिली है। टेलीग्राम लिंक के जरिए एक स्थानीय व्यापारी से 1 लाख 23 हजार रुपये की ठगी करने के मामले में पुलिस ने जाल बिछाकर गिरोह के दूसरे मुख्य आरोपी को राजस्थान से दबोच लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान दिलखुश मीणा निवासी सवाई माधोपुर, राजस्थान के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, भूना के वार्ड नंबर-10 निवासी नीरज बंसल के साथ यह वारदात हुई थी। ठगों ने इस वर्ष 30 जनवरी को पीड़ित को टेलीग्राम पर एक संदिग्ध लिंक भेजा और फिर उसे एक व्हाट्सएप ग्रुप में शामिल कर लिया। ग्रुप में मौजूद साइबर अपराधियों ने पहले पीड़ित को फर्जी स्कीमों के जरिए ज्यादा मुनाफे का झांसा दिया और फिर निवेश के नाम पर अपने जाल में फंसा लिया। शातिर ठगों ने पीड़ित को इस कदर गुमराह किया कि निवेश, प्रॉफिट शेयरिंग, जीएसटी और अकाउंट वेरिफिकेशन जैसे अलग-अलग बहानों के तहत कई बार में कुल 1.23 लाख रुपए अलग-अलग यूपीआई खातों में ट्रांसफर करवा लिए।

## नाबालिग के अपहरण मामले में पंजाब से आरोपी काबू, न्यायिक हिरासत भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। अपहरण मामले में गिरफ्तार युवक।

एक नाबालिग लडक़ी को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में फतेहाबाद शहर पुलिस ने पंजाब से एक युवक को गिरफ्तार किया है, जिसे अदालत के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान गुरप्रीत सिंह उर्फ गोरा निवासी गांव काटीवाली, तहसील मलोट, जिला श्री मुक्तसर साहिब के रूप में हुई है।

थाना प्रभारी उप निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि इस वर्ष 1 मार्च को भाटिया कॉलोनी की रहने वाली एक महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, उनकी नाबालिग बेटी 28 फरवरी को घर से दर्जी के पास कपड़े लेने गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों ने अपने स्तर पर उसे काफी ढूंढा, पर उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद पीड़िता की मां ने किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका जताते हुए मामला दर्ज करवाया था।

शिकायत मिलने पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता और पोक्सो एक्ट की प्रासंगिक धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, खुफिया इनपुट और जमीनी स्तर पर जुटाए गए तथ्यों की मदद से आरोपी की लोकेशन का पता लगाया। इसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने आरोपी गुरप्रीत सिंह को पंजाब से काबू कर लिया।

## कॉलेज के बाहर कर्मियों का धरना स्थगित

### अब लेबर कोर्ट की दहलीज पर इंसाफ की जंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

एमएम कॉलेज के मुख्य गेट पर नौकरी से निकाले गए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का पिछले एक महीने से अधिक समय से जारी धरना फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अब यह कानूनी लड़ाई लेबर कोर्ट पहुंच चुकी है। कर्मचारियों ने साफ किया है कि यह केवल एक विराम है; यदि लेबर कोर्ट से उन्हें न्याय नहीं मिला, तो वे फिर से सडक़ों पर उतरने के लिए मजबूर होंगे। पीड़ित कर्मचारियों ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि वे पिछले 11 से 20 वर्षों से कॉलेज में सेवादार, चौकीदार, माली और सफाई कर्मचारी के पदों पर पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपनी सेवाएं दे रहे थे। इसके बावजूद, कॉलेज प्रबंधन समिति ने दुर्भावना और आपसी रंजिश के चलते उन्हें बिना किसी ठोस कारण के नौकरी से बाहर का रास्ता दिखा दिया। दुखद पहलू यह है कि आंदोलन को एक महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी प्रबंधन ने कर्मचारियों से बातचीत करने तक की जहमत नहीं उठाई। बहाली के लिए जिला प्रशासन से लेकर स्थानीय विधायक तक को ज्ञापन सौंपे गए, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई न होने से कर्मचारियों में भारी निराशा है।

### शिल्पकार 10 लाख तक के ऋण के लिए करें आवेदन

**सिरसा।** पारंपरिक कला और शिल्प से जुड़े पिछड़े वर्ग के कारीगरों के लिए हरियाणा पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग कल्याण निगम की शिल्प संपदा सावधि ऋण योजना, हुनर को पहचान देने और रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करती है। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत राज्य सरकार पात्र कारीगरों और हस्तशिल्प से जुड़े लोगों को 10 लाख रुपए तक का सावधि ऋण उपलब्ध करा रही है, ताकि वे अपने पारंपरिक व्यवसाय को आधुनिक संसाधनों और नई तकनीक के साथ आगे बढ़ा सकें। बदलते समय में कई कारीगर पूंजी और आधुनिक तकनीक के अभाव में अपने व्यवसाय को विस्तार नहीं दे पा रहे हैं। ऐसे में यह योजना उनके लिए आर्थिक मजबूती के साथ-साथ तकनीकी समावेश का भी माध्यम बनेगी। योजना की विशेषता यह भी है कि लाभार्थियों को केवल ऋण ही नहीं मिलेगा, बल्कि कंप्यूटर, कैड डिजाइन और अन्य आधुनिक तकनीकी उपकरणों के उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916

सीबीएसई मान्यता, आधुनिक सुविधाएं, खेल व स्काउट गतिविधियों में उपलब्धियां

## पीएम श्री स्कूल बनने के बाद विद्यालय को मिली नई पहचान

**विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष जोर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढ़ां




ओढां। ओढां का पीएम श्री स्कूल। फोटो : हरिभूमि

वर्ष 2023 में शिक्षा विभाग हरियाणा ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए जिला सिरसा के ओढ़ा विद्यालय को पीएम श्री स्कूल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बना दिया। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रत्येक खंड में बनाये जाने वाले उत्कृष्टता केंद्रों की कड़ी में खंड ओढ़ा में बनने वाला पहला विद्यालय है। पीएम श्री स्कूल ओढ़ा के प्राचार्य विक्रमजीत सिंह ने बताया कि जब से यह विद्यालय पीएम श्री विद्यालय बना है तब से शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विद्यालय की शैक्षणिक और ग़ैर शैक्षणिक गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जाने लगा है। सर्वप्रथम विद्यालय को सीबीएसई से मान्यता मिली, जिसके कारण विद्यालय को विशेष पहचान मिली है और विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध हुई है। इसके साथ ही विद्यालय को पाठ्योत्तर गतिविधियों के लिए केंद्र सरकार के सहयोग से विभाग द्वारा विशेष अनुदान दिया जाता है जिससे विद्यालय वातावरण में सकारात्मक सुधार हुआ है। विद्यार्थियों को हर वर्ष शैक्षणिक भ्रमण की सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है। पीएम श्री विद्यालयों की अलग से क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित की जाती है जो लगातार दो वर्षों तक इस विद्यालय में आयोजित की गई, जिसके कारण विद्यार्थियों में खेलों में रूचि उत्पन्न हुई और विद्यालय की दो छात्राओं का राष्ट्रीय स्तर पर चयन भी हुआ। इसके साथ ही विद्यालय में चल रही स्काउट गाइड गतिविधि के अन्तर्गत एक विद्यार्थी का राष्ट्रपति पुरस्कार हेतु चयन हुआ है। विद्यालय की भौतिक सुविधाओं में सुधार हुआ है और इस क्रम में विद्यालय में एक पुस्तकालय का निर्माण हुआ है तथा कम्प्यूटर शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए विभाग द्वारा नए कंप्यूटर भी उपलब्ध करवाए गए हैं। स्कूल में कमरे पर्याप्त मात्रा में है और प्रांगण में चारों ओर हरियाली है।

### आधुनिक संसाधनों से समृद्ध हुआ विद्यालय

विद्यालय के प्राचार्य विक्रमजीत सिंह ने आगे बताया कि विद्यालय में कंप्यूटर लैब स्थापित है और सभी बच्चों के बैठने के लिए पर्याप्त डेस्क है। विद्यालय में कंपोजिट विज्ञान प्रयोगशाला और खगोल शाला भी है जिससे विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्पन्न हो सके और विकसित भारत की संकल्पना को साकार किया जा सके। विद्यालय में खेल मैदान भी है जहां विद्यार्थी खेलते हैं और अपने मानसिक विकास के साथ साथ शारीरिक गतिविधियों में भाग लेकर शरीर को स्वस्थ रखते हैं। बच्चों के लिए स्वच्छ पानी की व्यवस्था की गई है। विद्यालय में इस सत्र में कुल 375 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जिनको विद्यालय द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर सामाजिक और राष्ट्रीय विकास में योगदान दिया जा रहा है।